घरीय तीन रवि चढ़िय। चल्यौ गोरी नरिंद बल॥
रत्त डंड संदूक। रत्त धज चोंर साहि पर॥
रत्त गजनि गज झंप। रत्त बैरष बर टोपं॥
अग्गै षान रती सनाह। रंग रनबी बर ओपं॥
ओपम एह कविचंद कहि। देषि सुबर सुलितान बर॥
षह जीत राह रवि सरस हुअ। मनों जत्त किय भोम बर॥
छं० ॥ १५८॥

शाही सेना का आतंक वर्णन।

चलंत रेन रबि लुक्कि। चक्क चक्की चष ढरयौ॥
सेस भार कलमल्यौ। कुंभ आरंभरि डरयौ॥
सरिता जल मुक्कयौ। नीर साहन नहि पुरयौ॥
हय हय हय उचरंत। चक्क चक्को बिसु चरयौ॥
अंधियार भयौ वासुर असत। दिसा विदिसि सुभ्भै न तह॥
साहाबदीन चालंत दल। डरहि राय.अत मंडलह॥छं०॥१५९॥

शाह के कूच के समय अशकुन होना और तत्तार खां का कूच बंद करने को कहना।

भुजंगी॥ चल्यौ साहि आलम तें चित्त दूनी। मिलीं वाट वाराह नौडार ऌनी॥
रथं मिच नीचं फिकारंत फेकी। उडी ग्रद्ध पच्छं मनों मोन केकी॥
छं० ॥ १६० ॥

लरी मग्ग मंजार द्वै सहस ऊनी। परी बूंद आकास तें श्रोन दूनी॥
चल्यौ उंट फेकौ फिकारंत केसं। सितं चीर नारी सु मुष्षं उदेसं॥
छं० ॥ १६१ ॥

पर्यौं पंजरौं कोक पूके पुरानं। जरी लोह भट्ठी सुदेखी सुरानं॥
गही बग्ग फेरी ततारं सुभाई। रहौ आज दीहं जमाराति सांई॥
छं० ॥ १६२ ॥

पठं पै जपै गँबरां निवारी। कहै देव देवंग रब्बं पहारीं॥
मनं मति छंडी विमासं अधारी। रच्यौ षेल मंडी सु क्रीला विहारी॥
छं० ॥ १६३ ॥

दहं रोज रोजं करी बंध बंधी। लरैं ऐन चहुआन सो स्वामि सद्धी॥
इला एक अल्ला तनी आलि छंडो। दई एक देहं तनौ तौन पंडौ॥
छं० ॥ १६४ ॥

शाह का कहना कि वह परवरदिगार सब जगह पर है फिर शकुन अशकुन क्या?

कवित्त॥ सुनौ षान तत्तार। तेग सद्दै सुष सद्दा॥
जो कर इक्क तनीय। रोजगारी नफजंदा॥
वल्ली अली आदंम। पैन पैगंबर कीनो॥
वे भूले तुम जान। किसब जिन तेग न लीनो॥
पल्लटे भेष छंडो दुनी। षरस पीर हाजुर निजर॥
गज नेज साह गोरी घरां। करि निवाज बंदहु सफर॥छं०॥१६५॥

जहां पीर पर सिद्ध। बंग जिहि ठाम न दिज्जिय॥
जहां मुसाफ नह पठय। कतेब कुतबा नब चिज्जय॥
जहां सुनाहि कुरान। नही महजिद धर पर किन॥
परैं न गाय लिज्जैं। षुदाय रेजा करि वारन॥
जहां हुकम नाहिं काजी करत। तुरकनि षनि गड्डिय जहां॥
सुरतान कहै साहाबदी। सो जिहान हमकों कहां॥छं०१६६॥

शाह का मीरा शाह के समय की घटना का प्रमाण देना एवं मीरा शाह का संवाद वर्णन।

रोसन अली फकीर। गसा रमता अजभेरं॥
दही मोल ले चषत। हुआ षट्टा दिय फेरं॥
गुज्जरियां पुक्कार। जाय दरबार सिताबं॥
हडी भिंटी गुनहि। काटि अंगुरि बिन ज्बावं॥
मक्कां सु जाइ फिरियाद करि। मीरां सैद हुसेन अग॥
नौयति षुदाय मद्यत करन। इह अप्पिय मन धरि उमग॥
॥ छं० ॥ १६७ ॥

दूहा ॥ मरना जाना हक्क है। जुग रहैगी गल्लहां ॥
सा पुरसों का जीवना। थोड़ाई है भल्लां ॥ छं० ॥ १६८ ॥

मुसल्मानी लश्कर का सौदागरों के भेष में अजमेर आना।

भुजंगी ॥ कहै दीन कज्ज परस्सै कुरानं। करों रद्द मंद्दं सबैं हिंदवानं ॥
नमै पीर पैगंबरें थान मक्कां। रहा बन्न नामं जुगं च्यार चक्का ॥
॥ छं० ॥ १६९ ॥

दिनं सत्त हूते सु बीवाह अड्डे। करं कंकनं सेहरा बंधि चढ्ढे ॥
तनं मंन एकं चोआलीस यारं। चल्ले संग सौदागिरं रूप धारं ॥
॥ छं० ॥ १७० ॥

जलं पंथ के अछ अच्छे उतंगा। पुलै नाव ज्यों तीर वेगं विहंगा ॥
दरब्बाफ जरदोज जरकस्स झूलं। रहै नेक चष्षं ढकै मष्षतूलं ॥
॥ छं० ॥ १७१ ॥

इसे अश्व लीयें धरा हिंदवानं। दियौ आय डेरा अजम्मेर थानं ॥
दरब्बार जाए कह्यौ मीर षोरं। सनंमुष्ष उभ्भै रहे हथ्थ जोरं ॥
॥ छं० ॥ १७२ ॥

हयं हेरि ल्यायौ षंधाई सुगड्डं। रवी अर्ध कै कन्ह दधि मथ्थि कढ्ढं ॥
सुनै कन्न आना महीपत्ति आयं। सबें छोरि फेरें तुरंगा दिषाय ॥
॥ छं० ॥ १७३ ॥

षुरी ए वियांचा बकी राह गीरं। रहव्वाल चल्लै न हल्लै सरीरं ॥
दमानंक कूदंत नाचंत याल्लं। निरष्षे परष्षे हरष्षे भुआलं ॥
॥ छं० ॥ १७४ ॥

मुहं मंगि दामं करे कौल बोलं। लिहे पंच सैं हैवरं हेरि मोलं ॥
जमा जोरि मंडै सवा लष्ष दामं। लिये कागदं कायथं अंक तामं ॥
॥ छं० ॥ १७५ ॥

करे छाप आपं बुलाए हजूरं। सनंमान चहुआन रष्षै गरूरं ॥
गयो संभरीनाथ दै हथ्थ बीरा। करे चूक सक्यौ नहीं तथ्थ मीरा ॥
॥ छं० ॥ १७६ ॥

अजैपाल जोगी करामात अग्गं । उठे हथ्थ नाहीं मनोंकीनि नग्गं ॥
निंवाजं गुदारे दियं बंग जब्बं । गये देव हिंदून के भज्जि तब्बं ॥
॥ छं० ॥ १७७ ॥
करं कार्फरं जो इहां मौत दीजै । मह्वरत्ति कीनी दही पीर हौजै ॥
तिन कारनं अप्पने हथ्थ अप्पं । कटे सीस बेगं चलो पुट्टि धप्पं ॥
॥ छं० ॥ १७८ ॥
इलल्ला महमंद रस्सूल इल्ला । कलम्मा पढ़ै जोर किन्नो सुकीला ॥
मिलें आप मेंसं मुषं दस्त चूंमें । इसे सेर ज्वानं भषैं दोइ पुम्मै ॥
॥ छं० ॥ १७९ ॥
तिनं षिज्जि बिज्जू जिसी तेग कड्डीं । चमक्के घरंको चरं सहस अड्डी ॥
॥ छं० ॥ १८० ॥

कवित्त ॥ चौआलीसों यार । कड्डि नंगी समसेरं ॥
कर कड्डे सिर अप्प । चढें बिंटली सुरमेरं ॥
हिंदू मूसलमान । जुरत हय गय घन पायल ॥
चहुआन आना नरिंद । जीति उम्भौ अजरायल ॥
कटि लीन भिन्न होइ मीर परि । अमर रषिऔ साफ धर ॥
तहि थान आय दरबेस इक । ढवाज मोंनदी बंधि घर ॥
॥ छं० ॥ १८१ ॥
सवासेर दिन मान । आनि तहं पुहप उछारत ॥
रज कंकर करि दूर । धूर हड्डियां बुहारत ॥
जमाराति दे सुपन । मीर इह कौन हुकंमं ॥
तुम ऊपर चढ्डि है । सवामन सदा कुसंमं ॥
अजमेर पीर तुम प्रगट हो । कितक दिबस के अंतरै ॥
हिंदवान पान घटिहै अवनि । इहन कोल हम परतरै ॥छं०॥१८२॥

उक्त संवाद सुनाकर शाह का कहना कि दिल को मजबूत करो और चलो ।

दूहा ॥ इहसु कथा कहि साहि सों । फुनि अष्पिय तत्तार ॥
कायर पन मन छंडि दै । धीर पकरि गहि सार ॥ छं० ॥ १८३ ॥

तत्तार का मोरचे बंदी से आगे कूच करनां और एक पड़ाव के फ़ासले से बराबर धीर के पीछे पीछे चलनां।

कवित्त ॥ तू आतुर पतसाहि। हाम हिंदू सामंतां ॥
जोरा सों ज्यौं जक्क। बघघ छंडै धावंतां ॥
मे मंतां सुलतान। सुभभ्भ सुलताना मेला ॥
करि मेला भंडार। जंग होइहै सुष षेला।
टिल्ला पहार ठठ्ठा टिल्ला। वट्ट निहट्टा बढ्ढियै ॥
कोटाह कोट सा सिंधु तिय। इम हिन्दू दल सिढ्ढियै ॥
॥ छं० ॥ १८४ ॥

जल जोबन साहाब। दीन सुलतान दुरंगे ॥
किए कूच पर कूंच। कुरँग तारीय कुरंगे ॥
जथ्थ रेनि रहै धीर। दीह तहां संहसु अच्छै ॥
बर बेल्ली पुंडीर। साहि फल पच्छै पच्छै ॥
आवाज बज्जि दिल्ली सहर। यह पुकार पहक्किया ॥
राजोह माम पंचो दिहां। ग्रहां धीर गहक्किया ॥ छं० ॥ १८५ ॥

धीर पुंडीर के वापिस आने की खबर दिल्ली में होना दर्शकों की भीड़ होना और धीर को देखकर राजा का प्रसन्न होना।

ग्रह आप्पनां छंडि। राजग्रह धीर धवंदा ॥
ढा ढिल्ली रा लोय। ताहि देखन आवंदा ॥
निय नीचानीं नेन। वमन उंच्चा उच्चारां ॥
ज्ञां लग्गानी अग्गि। जीह जंपी पुकारां ॥
दरबार राज भर भीर घन। मन उलास भेब्यो धनी ॥
भुअ भंग दुःष दुःषांह गत। जनो कि नाग लद्धी मनी ॥
छं० ॥ १८६ ॥

दूहा ॥ सासंता मंतां अमत। का चिंता दृत वारि ॥
उट्ठि न सिर संमुहं सहय। लज्जा विरहां भार ॥ छं० ॥ १८७ ॥

भुजंगी-॥ पाधरे दीह सा चाहुआनं । सिरं उच्च बज्जे सु भेरी निसानं॥
सितं छत्र रत्तं रषत्तं निसुभ्भं । इला एक राजंग ते सुम्भ उम्भं॥
छं० ॥ १८८ ॥

धीर पुंडीर के आने का समाचार सुन कर रानी पुंडीरनी और इछनी का उत्सव मनाना।

कवित्त ॥ सा इंछिनि पामारि । राज बज्जे बज्जायौ ॥
धा धंषानी छंडि । प्रौढ जोवन लज्जायौ ॥
अरि अनंद चंद्राह । चंद जाया जनु अज्जा ॥
हेम चीर हम्मेल । मेल नग आरति कज्जा ॥
उछंग अंग राजन दुरां । राज काज सब सुद्दरे ॥
सा धान साहि देषंतही । आज हिन्द, दिन पद्धरे ॥ छं०॥१८९॥
प्रथीराज चहुआन । विलसि वसुधा सह उप्पर ॥
डंड भरइ चक्कवै । पिसुन पीलै कोलू धर ॥
सहहि न कोइ संग्राम । पुब्ब पच्छिम रुद छिंन ॥
इह अपुब्ब पिष्षयौ । गौर गाजनै ततच्छिंन ॥
रहि न कोइ सुनतै श्रवन । जहं जहं सिंघ पुकारयौ ॥
आकंप भयौ सब सतुर मैं ॥ जब सुरतांन हुंकारयौ ॥छं०॥१९०॥

धीर का पृथ्वीराज से मिलाप।

दूहा ॥ भुज भिंटलौ संभरि धनी । नयन बयन मिटि चाहि ॥
ऊचै न सीस संमुत सुहर । लज्ज विरद मइ ताहि ॥ छं॥ १९१ ॥

धीर से राजा का पूछना कि तू गिरफ्तार कैसे और क्यों हुआ।

कवित्त ॥ हेट हेट गजंन गयंद । वरनि यहि हर सुत्र ॥
अग्ग मग्ग पुंडीर । मीर रावत्त न लीह तुत्र ॥
तू अलंग जुरि जंग । षग्ग षचिनि बहु अड्डो ॥
सु क्यौ गयौ गज्जन । गयंद मोहि अचरज बड्डो ॥

संभरि वै इम उच्चरइ। रिपु गरिष्ट कुंजर जवह ॥
कहि भीर धीर पूरस बदन। जीवत्त गह्यौ कारन कवन ॥
छं० ॥ १९२ ॥

चामंडराय और जैतराय का धीर को धिक्कारना।

हँसिय चोंड राजैत। सामंत अभंगे ॥
यंभ फोरि गारबयौ। चंद गभरू ह्रचंगे ॥
मुष नन्हा आदान। बोल बड्डा बहि लग्गा ॥
अब गमार पुंडीर। साहि बंधै बल भग्गा ॥
सुलतान दीन सिल स्वामि सिर। भरिन जियन आसुर कन्यौ ॥
बर बरन ह्वर'इम उच्चरहि। धीरं जननि ग्रभ न गन्यौ ॥ छं०॥१९३॥

दूहा ॥ गल्यौ न ग्रव पुंडीर तुअ। जिन लज्जाई माय ॥
बंचि प्रष्टि राजन तनी। कही सुनाय सुनाय ॥ छं० ॥ १९४ ॥

धीर का पृथ्वीराज से एकान्त में सब बीतक कहना।

कवित्त ॥ समौ जानि सहि रह्यौ। धीर संमुह बोलाही ॥
अधसि होय संग्राम। दिट्ठ चावंड जिताही ॥
राज मड्डि मरजाद। समुद हद लीप नग्गौ ॥
पहुप वार पुंडीर। दाहि दाहिम भर भग्गौ ॥
पिज्जं सार धार पुंडीर पर। सिलह बंधि संमुष तही ॥
एकथ्थ जथ्थ प्रथिराज न्रप। तहां विवरि बत्त चंदह कही ॥
छं० ॥ १९५ ॥

धीर का भरे दरबार में पुनः प्रतिज्ञा करना।

आज लियूँ गज्जनौ। आज तुरकाइन डंडों ॥
मोरों आज गयंद। आज सब सेन विहंडों ॥
आज जीति गोरी। समूह पर दल वित्तारों ॥
आज चंद की आन। आज जन स्वामि उबारों ॥
सोइ आज छैज बरदाय भंनि। संभरि धनी सुधारिहौं ॥
पुंडीर धीर इम उच्चरै। आज मेछ दल मारिहौं ॥छं०॥१९६॥

चामंड का कहना कि बात कहकर पछलना वीरों के लिये लज्जा की बात है और धीर का शपथ करके कहना कि वही करूंगा जो कहा है।

कहै राव चामंड। धीर वत्तां अविचारी ॥
पातिसाह दल विषम। तुरी अगनित है मारी ॥
तीन लष्य तोषार। घालि पष्षर घूमावै ॥
मीर मलिक उमराव। काहु सावंग न आवै ॥
अति जुरत नयन षंडै षलन। फिरि पच्छौ संका करै ॥
ता जननि दोस दुरजन हँसै। जो बोलवोलि पच्छै टरै ॥छं०॥१९७॥

धूर गाज विज्जल पिसय। बोल सा पुरिस न षुट्टौ ॥
वह न्निब्बहै नियान। सो न हो अंत अहुट्टौ ॥
करै पैज पुंडीर। षग्ग षिचिन षिसि भज्जइ ॥
सिरन तुट्टि धर परय। जननि जामंत न लज्जय ॥
पुंडीर धीर इम उच्चरै। हो न बयन बोलौं घनौ ॥
हैवर मलिक हय्यह हनौ। तब सुधीर चंदह तनौ ॥ छं०॥१९८॥

चामंडराय का बचन।

चंदा बसै अकास। करह कितनौ रन पाइय ॥
कनै लंक दधि मंझ। कोइ कंचन लै आइय ॥
को केहरि कच ग्रहै। पाय को प्रब्बत ठेलै ॥
को दरिया दुस्तरै। अनिल को अंकम झेलै ॥
रावत्त राव सब संभरइ। चामंडराइ इम उच्चरै ॥
साजै विसेन [1]आसम असम। अब सुधीर तुअ किम लरै ॥
छं० ॥ १९९ ॥

धीर पुंडीर का बचन।

जब लगि सिर अरु मास। जीभ मुष यक्कय[2] ॥

(१) ए.-आलम। (२) को.-चक्कय।

जब लगि हियै हुकार । मुच्छ मुष मच्छर फरकय ॥
जब लगि कर करिवार । गहिव गज्जनवै गंजौं ॥
ढाल ढोल नेजा पराइ । संभरि वै रंजौं ॥
जब लग्गि सीस इहि कंध पर । पवन मेंघ बरसंत घन ॥
इम कहत धीर चावंड सों । पैज पनट्टय प्रान बिन ॥ छं० ॥ २०० ॥

धीर का घर जाना और सब कुटुम्बियों का उससे सहर्ष मिलना ।

निज ग्रह पत्तौ धीर । राज दरबारह संतौ ॥
अति उछाह आनंद । बिरद भर भारब हंत्तौ ॥
मिले अब्ब पुंडीर । आय चय राय ब्रग्ग बर ॥
अति सुमान दिय दान । ब्रम्न जिहि आनि मंडि कर ॥
जै जया सबद जंपै जगत । बाल व्रंद्ध उच्छव तरन ॥
अति प्रेम सहित अंतर मिले । रस सुमाह रज्जे करन ॥ छं० ॥ २०१ ॥

धीर के कुटुम्बियों का उसकी गिरफ्तारी पर लज्जा और शोक प्रगट करना ।

एक महूरत मिलिय । सब्ब संबोध सत्त किय ॥
ता पच्छै एकंत । बोलि भर बथ्थ अप्पजिय ॥
रंघर राव विरंम । सिंघ सागर पुंडीरह ॥
साहि षान सुम्मान । रामहरि राव हमीरह ॥
मालहन सुं मह्वर पति मत्त मन । कमधज केल्हन जाम पति ॥
बैठे सु चिह्न चिंता सु चित । बिरद लाज लग्गी सु अति ॥
छं० ॥ २०२ ॥

धीर का अपना बीतक कहना और सबका प्रबोध करना ।

पद्धरी ॥ जंपै सु धीर पुंडीर ताम । निज ब्रग्ग चित्त चिंता विराम ॥
मौ बोलि बच्चन न्रप अग्ग उंच । कंधैव तुम सोमान सुंच ॥
छं० ॥ २०३ ॥

नाथ मैं जैत चामंड राय। सुरतान सरिस किय बंध दाइ ॥
बंधयो कपट करिहों जु बंधि। बुझ्यौ न कोय क्रित दुष्ट संधि॥
छं० ॥ २०४ ॥

लै गये साहि समीप मोहि। संमिलिय सु दल दरवार वोहि॥
इन हनौ सद्द जंपै सु सव्व। सबदो हमीर गंभीर ग्रब्ब ॥
छं० ॥ २०५ ॥

परब्रह्म कर्म चिंते विचित्त। आवरे ग्यान आहित्त हित्त ॥
तत्तार तन्न अप्पै विश्रप्पि। पंषिनिय सुफल जैद्रथ्थ सप्पि ॥
छं० ॥ २०६ ॥

छंड्यौ जु साहि गुरु गरुह लाज। चिंते सु चिंति अति आजि साज॥
चढ्यौ जु साहि दल बल असंषि। लग्गो जु काम कारज्ज धंषि॥
छं० ॥ २०७ ॥

चामंडराय पामार जैतं। आहित्त चित्त जंपै उहैत ॥
सो चिंति चिंति चिंतौ सु काज। न्रप होइ जैत बढ्ढै सु लाज ॥
छं० ॥ २०८ ॥

धीर के कुटुंवियों के बचन।

कवित्त ॥ तब जंपै हरिराव। सरिस सारंग पुंडीरह ॥
कहिय धीर सा सुनिय। बात आभत्त सुहीरह ॥
जंपै रंघर राव हित्त। कह मत्त बिचारह ॥
सीस काज सम धरौ। ह्वर सम गरुह गुंजारह ॥
सजि चढौ अप्प सेना सकल। करो बंध अप्पान भर ॥
पड्डरे षेत पतिसाह सों। करहु झार उभझार झर ॥
छं० ॥ २०९ ॥

धीर पुंडीर का बचन।

तब तमि जंपै धीर। जुद्ध सामंत कंध तुम ॥
सजे सुभर अप्पान। प्रान अप्पौ सुझझ दम ॥
राज काज राजंग। अंग बड्डहि सु अप्प जस॥
कै जीतै उध लोक। सुजस आवरहि छोभि तस ॥

इम कहै सथ्य सज्जै सुनिज। एक चित्त आश्रित्त सब ॥
तजि मोह सोह संसार सुष। जग्यौ भोर अभ्भीर तब ॥
छं० ॥ २१० ॥

धीर का शिकार खेलने की तैयारी करना खदाइयों का आना और धीर का घोड़े मोल लेना।

उभै पष्प सुर मास। रोज तीसह रमि मंडल ॥
म्रगया करत अभ्यास। राग रँग रास सुषंढल ॥
सत्त सहस सथ सुभट। साठि दस सिंधुर सज्जिय ॥
बंदुक बानह जोर। वेद दल नौबसि बज्जिय ॥
पुंडीर धीर चंदह तनौ। अति गुमान बिरदां बहै ॥
ऐराक तुरिय सें पंच लै। सोदागर ईसप कहै ॥ छं० ॥ २११ ॥

किय हुकंम बज्जीर। मोलि लियैं ऐराकिय ॥
दिये दांम दस लष्ष। पंच लष्षह रहि बाकिय ॥
संझ समै करि महल। सबै बगसे रावत्तां ॥
प्रात समै चढ़ि धीर। भये सुभ सगुन अवत्तां ॥
तब जैतराव चावंड मिलि। सोदागर ईसफ कहिय ॥
घर जाइ जिंद लै जीवतौ। तुम धीर घत्त घल्लै सहिय ॥छं०॥२१२॥

चामंडराय का सौदागरों का धीर पर घात करने को उसकाना और सोदागरों को अपने में मंत्र विचारना।

मिलि विचिच इक ठौर। बुद्धि आलोच विचारिय ॥
दांम जिंद अरु लाज। वड़े बिय योह सुहारिय ॥
सब चौमन उच्चरिय। धीर महिमान सु संडह ॥
षान षान विधि विवह। एक चित ह्वै षग षंडह ॥
मांनी सु मत्त सब मंत मिलि। धीर प्रान इन विधि हरौ ॥
प्रगटै सु बात सामंत सुनि। हुरे गहर सब्बै मरौ ॥ छं०॥२१३ ॥

ईसफ मियां का धीर के दरबार में जाना, दरबार का वर्णन।

दूहा ॥ करि निवाज ईसफ मियां। गयौ तहां दरबार ॥
महमानी ईसफ करै। धीर होइ असवार ॥ छं० ॥ २१४ ॥

कवित्त ॥ चिचसारि कच ढारि। पान सोवन जिरि रच्चिय ॥
लाल पंच पीरोज। घने सघनं करि पच्चिय ॥
दिवस तेज परि मंद। अरक द्वादस करि जग्गिय ॥
तारक तेज फटिक्क। सघन चुनि तारन लग्गिय ॥
सामंत विलास सुष रहसि तहं। हिंदु लाट हीरां जरै ॥
संगीत राग सरसै रबन। पाच न्रित्य अग्गै परै ॥
छं० ॥ २१५ ॥

धीर का सौदागरों के डेरे पर जाना।

दूहा ॥ इह ईसफ अरदास करि। मिलिक द्रेस को जाय ॥
महमानी मीयाँ करै। धीर पधारौ पाय ॥ छं० ॥ २१६ ॥

धीर का नित्य कृत्य वर्णन।

कवित्त ॥ पंच सेर फुल्लैल। षट्ट जन मरदत तासह ॥
बाहु दंड परचंड। भीम आकार सु रंगह ॥
सहस कलस भरि नीर। इक्क विच कलस गंगाजल ॥
करि सनान पवित्त। कीय पंच गौ महाबल ॥
आमान साठि सजता वहै। पंच मुहुर सोव्रन मह्न ॥
इम नित्य धीर चंदह तनौ। षलक षग्ग वंदै सुजथ ॥छं०॥२१७॥

दूहा ॥ सुचि रुचि सेवा सगति रुचि। सरचि चरचि तरवारि ॥
फुनि आसन कीनौ असन। भोजन साल पधारि ॥छं०॥२१८॥
तहां सुभर लीने सवनि। सचि सुआर करि साद्र ॥
षटरस भोजन भांति ब। तिन महि चित्त सवाद ॥ छं०॥२१९॥

धीर पुंडीर के कलेऊ का वर्णन ।

कवित्त ॥ पै अग्ग दग्ग मन तीन । सत्त सेरह बिच सक्कर ॥
पंद्र सेर रइ भोग । एक सीरावन बक्कर ॥
सत्त सेर रोगांन । सेर पंचह कढ़ि लुच्चिय ॥
घ्रित पावक वहु अवर । करत उभै दुज सुच्चिय ॥
पहति ओर पच स्वादु । जोग राज मढकी सुभरि ॥
च्यार घंटिय दिन बाजतें । सीरामन सामंत करि ॥छं०॥२२०॥

शाह का सिंधु तट पर पहुंचना और धीर का अपनी सेना सहित तैयार होना ।

अरिल्ल ॥ साजत सयन सह पुंडीरह । तब आये तट सिंध हमीरह ॥
साजि निकट आयौ सुरतानह । है गै भार साज सब बानह ॥
छं० ॥ २२१ ॥

सुनिय बत्त सा दिल्लि नरेसं । गाजे गेंन वेंन असहेसं ॥
चल्यौ धीर साजै निज सथ्यह । सूर धीर संग्राम समथ्यह ॥
छं० ॥ २२२ ॥

पुंडीर वंशी योद्धाओं का वर्णन ।

कवित्त ॥ सहस तीन पुंडीर । धीर बर बचन अचाए ॥
चियन बसिन बसि द्रब्य । बसु अबहु मोह गमाए ॥
मंझ मेलि सामंत । रयन अद्धी ते जग्गा ॥
सुनि अवाज सुरतान । रंक धन जानि विलग्गा ॥
दुअ घटिय सोम दिन पानि पथ । सहस सट्ट सेना चली ॥
अनभंग जैत अग्या अगर । विच चमंड बज्जह बली ॥
छं० ॥ २२३ ॥

अयुत एक पुंडीर । धीर सम लोह लरन कहि ॥
बरकि बीर तम संत । सिंघ भष षान लहि ॥
दुअन पष्ष वीरंग । जुरे जिन जंग बहुत किय ॥
भूझि जम्म बहु संरुच । दुष्ट बल सकति बहुनि जिय ॥

तन तुरंग तिन नेह तजि। क्षत्रिय मरन चित एक करि॥
बढ़ि लोह छोह छुट्टै जुरन। अरन बत्त कविचंद धरि॥
छं० ॥ २२४ ॥

आठ हजार सेना सहित जैतराव और चामंडराय का आगे बढ़ना।

सहस एक देवंग। भेरि नफ्फेरि पंच सैं॥
सहस तीन अँबकीम। ढोल बंदिन सु अट्ठ सैं॥
सौ सुगंध जोति किय। अट्ठ ग्रेहं सुभ छंदं॥
दिसा सूर मुष मिच्छ। बोलि बरदाइय चंदं॥
घट घटिय लगन जुद्दह तनौं। पहर तीन विग्गि विषम॥
उपरंत सेन साजै जुरहि। तब सु साहि साजी सुषम॥
छं० ॥ २२५ ॥

सुलतान के आने की खबर होना और सबका सलाह करना कि अब क्या करना चाहिए।

जब ग्रह आयौ धीर। पुट्ठि सुरतान सँपत्तौ॥
सुनिय राय चामंड। जैत सम मन्त्र मिलंतौ॥
सज्जिग हय गय साहि। सिंधु आयौ यह उप्पर॥
धीर तेन छंडयौ। पच्छ चंपौ दल दुत्तर॥
क्त्यांह एह अप्पन करिय। अब्ब कहौ कहा किज्जियै॥
भज्जै जराज सुलतान रन। तौ इन मति अप्पन छिज्जियै॥
छं० ॥ २२६ ॥

जेन बल न जै होइ। तेह झुझ्झै कनवज्जां॥
सोइ मंत सुद्दरै। जैन जित्ते रन रज्जां॥
सत्त मंत सुभ चरिय। जैत चामंड सु उट्ठिय॥
गये सजन निज ग्रेह। आय सब सथ्थ स पुट्ठिय॥
चामंड गज्ज मंग्यौ चढन। सम बैरी दाहिम्म बर॥
आयौ सु चंद बरदाय तिहि। खेत सु बुल्ल्यौ गुझ्झ गुर॥
छं० ॥ २२७ ॥

कविचन्द का चामंडराय के घर जाकर उससे बेड़ी उतार कर युद्ध में चलने के लिये कहना और चामंड का कविचंद की बात मान लेना ।

पद्धरी ॥ जंपहि सु तथ्थ भट चंद कथ्थ । तुम रची बुद्धि सब्बह समथ्थ ॥
स्वामित्त ध्रंम तुम रत्त राह । बेरी सु धरी अग्याह राह ॥
छं० ॥ २२८ ॥

दल मेछि साहि आयौ असंषि । देषहु सु जुद्ध तुम उभय अंषि ॥
बेरी सु कढ्ढि तुम जुरो जुद्ध । जानौ सु सब्ब गुर घात ब्रद्ध ॥
छं० ॥ २२९ ॥

कह्यौ सुमंत बेरी सुपाय । जै होइ जेम चहुआन राय ॥
चहुआन कन्ह गोयंद राज । कमधज्ज राइ निढ्ढुरह लाज ॥
छं० ॥ २३० ॥

पज्जून राय बंधव बरुन्न । कनवज्ज अग्र सुभ्भ्भे सुरन्न ॥
ढिल्लीय अवर दिष्यो न राज । जिहिँ होइ आज चहुआन लाज ॥
छं० ॥ २३१ ॥

जिम जरौ षेत षल विषम घाइ । तुम तजौ बीर बेरी सु पाइ ॥
मन्यौ सुमंत चामंड चंद । मन भए सुध उछह अनंद ॥
छं० ॥ २३२ ॥

पय तरह लोह कढ्ढै सु ताम । लंगरह जानि इभमह विराम ॥
मंगयौ कनक वाजी सु एह । जातिहि जुगंम अति सुध देह ॥
छं० ॥ २३३ ॥

पष्षरह चँमर गज गाह रज्जि । सोव्रंन मुद्र सुभ तेज सज्जि ॥
आवद्ध बंधि सब सक्क भाजि । सोभंत जानि भीषम समाजि ॥
छं० ॥ २३४ ॥

चावंड रोहि वाजी सु अप्प । जंप्यौ सुमंच निज इष्ट जप्प ॥
सजि चल्यौ सब्ब दाहिम्म सथ्थ । द्वै सहस सूर गरुअत्त हथ्थ ॥
छं० ॥ २३५ ॥

सम चल्यौ जैत निज सेन साजि । सारद सहस सेना सुगाजि ॥
चढ़ि चलिय उभय घन बज्ज बाज । तब चल्यौ अप्प प्रथिराज राज॥
छं० ॥ २३६ ॥

पृथ्वीराज का यह समाचार सुन कर कुपित होना और लोहाना को भेजकर चामंड को पुनः बेड़ी पहनवाना ।

कवित्त ॥ गाजि गरुत्र चहुत्र्आन । सुनत अप ग्रंह सपत्तौ ॥
दीन उतर ता प्रछै । बोलि लोहान सु तत्तौ ॥
तुम बेरी ले जाहु । पाय च्चावंड सु घत्तौ ॥
इन हम अग्या तजी । अप्प बल राह उमत्तौ ॥
हम करत लाज कैमास कौ । अरु सगपन सन मंध घन ॥
आक्रस्सि मन्न हम क्रोध घन । मभ्भ्हें गहि रघ्यौ सुमन ॥
छं० ॥ २३७ ॥

ले बेरी लोहान । ग्रंह चावंड सपत्तौ ॥
धरि अग्गैं चावंड । देषि प्रज्जरि चित चिंत्यौ ॥
कहै राय चावंड । सुनौ लोहाना तुम बर ॥
न्त्रिप अग्या सिर सजौं । नतरू जानहु तुम हित हर ॥
निज स्वामि भ्रंम षंडो नहीं । हिय अरोहिय सहि हर ॥
बेरी सुलीन चावँड विहँसि । पय आरोहिय अप्प कर ॥
छं० ॥ २३८ ॥

शाही सेना की सजावट वर्णन ।

मोतीदाम॥ घट दूनति साह सजे सुरतान । जहं छच सुजी कनजीक निसान॥
गज ढालनि मालि चिह्नं दिसि फेरि । तहां रन सद्द महग्गज भेरि॥
छं० ॥ २३९ ॥

जर कंमर तोजह मेलति कंठ । तहां लष्प फरी धर पाइक गंठ॥
तहां छच मौज अदब्ब सुभार । तहां बिज्जल नाय श्रमै असवार ॥
छं० ॥ २४० ॥

तहां घन डंबर अंबर रेन । तहां अन जेबन कीवल एन ॥
तहां पार सिपै रसना रस बोल । तहां आरस के जम जेजम तोल॥
छं० ॥ २४१ ॥

तहां ढल्लनि मल्लनि फौज प्रवेस । तहां द्वादस फौज नई भर सेस ॥
तहीं तज्जिय अज्जिय गज्जन राव । तहं बज्जय सिंग मह्विष्पन चाव ॥
छं० ॥ २४२ ॥

डव ढड्डिय उड्डिय मुभ्भन केस । रही चक चौंरनि मौर सुदेस ॥
तहां दिष्षिहि फौज सु धीरन काज । मनो चव चम्म कुलंगनि बाज ॥
छं० ॥ २४३ ॥

रवि जानि डपौ दुअ बद्दल मंझ । कलकूह कुलाहल बीरति संझ ॥
उड़ि रेन रही दल दुंदभि षंग । फिरि फौज पुंडीर कुलंगनि वंग॥
छं० ॥ २४४ ॥

बजी सहनाइ निसान गुंडीर । सुलतान घरी मिलि मंझ पुंडीर॥
छं० ॥ २४५ ॥

पृथ्वीराज का अपनी सेना का मोर व्यूह रच कर चढ़ाई करना ।

दूहा ॥ देषि फौज सुरतान दल । मति मंडे रन साज ॥
मोर व्यूह मति मंडि कै । तब सज्ज्यौ प्रथिराज ॥
छं० ॥ २४६ ॥

व्यूह वर्णन ।

कवित्त ॥ आरध वेस नरिंद । छच बर मुभ्भ कहि गढ्ढै ॥
सबै सेन प्रथिराज । मोर व्यूहं रचि ढढ्ढै ॥
चोंच राव चामंड । जैत द्रिग बंधि प्रमानं ॥
नष पिंडी पुंडीर । सेन उभ्भौ सुरतानं ॥
बर कंध बंध बंधी न्रिपति । पुंछ बीर कूरंभ रचि ॥
अरुनेव उदै उद्दित सुभर । मद्दन रंभ दोउ दीन मचि ॥
छं० ॥ २४७ ॥

(१) ए.-पुंडीर ।

पक्खराज प्रथिराज । जाम जद्दो घट भद्दौं ॥
रीछ मोर पष्षरी । स्यांम चमरनि गज मद्दौं ॥
स्याम ढाल ढलकंत । स्याम गजपंति विराजै ॥
स्यांम धजा झलकंत । मेघ पंतिय दुति लाजै ॥
बर नेज च्यार तहँ उज्जले । दुति सु बग्ग पंकनि बक्यौ ॥
मोर सह बीर सुरतान मुष । जिम कुरंग सम्हौ चक्यौ ॥
छं० ॥ २४८ ॥

दूहा ॥ चले दिष्ट संभौ मरद । पीन नीर रस पान ॥
उंच दिष्ट के असुर वर । चढ़ि तक्कत चहुआन ॥ छं० ॥ २४९ ॥

कवित्त ॥ मंद गयंद झरि कीच । बीच मुत्तिय झलकंतिय ॥
मनों मेघ विज्जुलिय । बनें सा नैननिदंतिय ॥
सुभर सूर बर साजि । अप्प अप्पन धर चल्लिय ॥
एक एक अग्गरे । जानि भद्रव घट हल्लिय ॥
आभरन दान बुंदनि बरषि । सक सहाब उप्पर ढलकि ॥
जद्दव सुजाम देषिय न्रपति । समनजैत बढ्ढिय किलकि ॥
छं० ॥ २५० ॥

चाहुआन सेना की श्रेणीबद्ध दरेसी और चाल का क्रम वर्णन ।

भुजंगी ॥ किलक्कंत फौजं सु मीजं दिठंनी । बने हेम जेजंम रंजं मथंनी ॥
अगी तिष्प पाइक्क घाइक्क कूदै । करं कंनरं भाल ग्रीवं स जूदै ॥
छं० ॥ २५१ ॥

उड़े डंबरं अंमरं रेन पूरी । किय कूक पुत्तारिका हक्क मरी ॥
परै भीर कंबी रनं जैत रुठी ।परें बंध कंधं हयं नार छुट्टी ॥
छं० ॥ २५२ ॥

धरै आवधं उग्गि सज्जै विमानं । तिनं नाम लीजै बरद्दाय ज्ञानं ।
सुभे सुभ्भ बाने समाने दिठाने । तहां कब्बिचंदं उपंम बषाने ॥
छं० ॥ २५३ ॥

हिमाम हिमारी हलै हेम चारी। तियं तीस जना सपरि जुद्ध भारी।
गजंगाह उग्गाह दुग्गाह कच्छै। मुसल्ली मुरल्ली अरब्बी उलच्छै॥
छं० ॥ २५४॥

सनेतं सकेतं समेतं पताषी। पषं मोर सिंधोर दामं उचाषी॥
निलं नील सम्मील उम्मील पीलं। रनक्की घनक्की[1] सचौरं ति नीलं।
छं० ॥ २५५॥

महा मीरं माहवे उमाहं उचंनी। परी पाट डोरी सकोरी दिठंनी॥
तरंतार झंडे सषं सब्ब अंसं। उड़ै देषि धीरज्ज मीरज्ज हंसं॥
छं० ॥ २५६॥

नयौ ताप आदब्ब सों जुद्धि कीजै। इसी बुद्धि भग्गै नतौ लोह लीजै॥
इसी फौज जादब्ब. कूरंभ सज्जी। नयौ ग्रब्ब गौरी सु ग्रब्बानि लज्जी॥
छं० ॥ २५७॥

दिषे षान षुरसान तत्तार दिट्ठी। छुट्यौ भ्रम्म धीरज्ज रहि निठ्ठ निट्ठी॥
मुरे षान षानं स लाजी अहारै। भये अट्ठ हज्जार हय तज्जि तारै॥
छं० ॥ २५८॥

पहर तीन तिन सों तिनं लोह तुट्यौ। मनों संझरी जानि घरियार कुट्यौ॥
छं० ॥ २५९॥

दूहा ॥ बज्जी कूह सम्मोह बर। फिरि गजराज प्रमान॥
चाहुआन बर भग्गतें। चंपि सेन्न सुल्लतान॥ छं० ॥ २६०॥

मुसलमानी सेना की ओर से हाथियों का झुकाया जाना और राजपूत पैदल सेना का हाथियों को विड़ार देना।

कवित्त ॥ रन तत्तार टट्टरै। सेंन चंपी चतुरंगिय॥
हस्तकाल बल राज। उठे गज झंपि मुषंगिय॥
पीलवांन रा रन। हस्त अंकुस गजमध्यं॥
सबर संगि उम्भरी। झरी झारिय झरि हथ्थं॥

(१) ए.-सचौरं।

उम्मडे मीर अग्गा अगर । कूह कहर पच्छे फिरिग ॥
सामंत कोइ अप्पै अषन । अप्प सेन ऊपर परिग ॥
छं० ॥ २६१ ॥

हाथियों का विचला कर अपनी फौज कुचलना और शाही सेना का छिन्न भिन्न होना ।

अप्प सेन उप्परै । परे गजराज काज अरि ॥
अस्स सहित असवार । मेर उच्छारि डारि धर ॥
सर संमुह परि पीलवान । मिट्टी मामं घन ॥
तहां चंपि हाजी । हुजाब देषंत तस्स घन ॥
सब सेन बीर भर हरि गई । गज ऊपर गज बर परै ॥
बिय बंटि रिड्डि बंछौ विषम । धाइ बीर सम्हौ लरै ॥
छं० ॥ २६२ ॥

हाथियों के बिड़र जाने पर पृथ्वीराज का तिरछे रुख से धावा करके मार काट करना ।

दूहा ॥ छंड़ि बीर गजराज मुष । तिरछौ परि सुरतान ॥
भौ टमंक दिसि विदिसि डुलि । रन रुंध्यौ चंद,आन ॥
छं० ॥ २६३ ॥

युद्ध वर्णन ।

भुजंगी ॥ करं काल डोंरू कियं सिंघ नदं । सयं सकति वादी बरद्दाय चंदं ॥
सिर स्याम सन्नाह वाहंमि चक्कं । धरे अग्र बानं सुदुर्गामि बक्कं ॥
छं० ॥ २६४ ॥

गलै राग गावंत सिंधू सगिंधू । गलै माल जा सूल कन्नै र बंधू ॥
अगे षेचरं षेतपालं बेतालं । तहां भैरवं नद्द जोगीह कालं ॥
छं० ॥ २६५ ॥

दोउ कन्न गोग्यंन कर पच मंडै । तिनं दर्सनं देषि साहस्स ग्रंडे ॥
फिरै तिष्षि निष्षी पताका तिरत्ती । सुवं जानी लागी सुग्रीषम्म तत्ती ॥
छं० ॥ २६६ ॥

टगं टग्ग लग्गी मुषं मुच्छ मोहै। बजी तीन तारी सिरे स्याम सोहै॥
लई कढ्ढि बूकी विभूती उड़ाई। भए दीह चहुआन साजे सषाई॥
छं०॥ २६७॥

दिसं अग्ग बढ्ढी सु चढ्ढी पुकारै। लिये लक्करी सेन गोरी निकारै॥
लियं लष्य सेनी सुरत्तान सढ्ढी। रनं राह वाराह बरदाइ बढ्ढी॥
छं०॥ २६८॥

हँसे सब्ब सामंत सम राज भट्टं। भइ बारही फौज एकं सुवट्टं॥
बड़े षंड पुंडीर सै तीन अष्यं। तिन मंडलाजी तुरंगी जनष्यं॥
छं०॥ २६९॥

उड़ी लोह अग्गी जर गिद्ध पंषी। भरी देषि करदाय बरदाय सष्षी॥
परे रुंड मुंडं भरं भूमि सोहै। पिये श्रोन पंचारि बारिक्क डोहै॥
छं०॥ २७०॥

चलै राह वै राह बैकुंठ भारी। घरी सत्त रवि मंडलं छिद्र कारी॥
चयं जाम रन धांम भिरि भूप चित्ते। बढ़ै धीर सों भीर सुरतान कित्ते॥
छं०॥ २७१॥

कवित्त॥ तीरब्रह्म चामंड। झंड हेमानि दंड करि॥
रजक.पत्त सिर मंडि। फौज आषंड मंडि सिर॥
उग्र अवाज नीसान। कान वीय सेन निसाननि॥
परैं पहार उत्तंग। थंभ थंथरि परि थनानि॥
नक्केरि भेरि सहनाइ सुर। सुर कपाट बज्जिय रवरि॥
अग्ग्राम जैत चामंड दल। सिंध सहाब सुप्परि दवरि॥
छं०॥ २७२॥

शाही सेना के दो हजार योद्धा मारे गए, राजपूत सेना की जीत रही।

भुजंगी॥ धमी सेन आलम्म की कूक फट्टी। जरं जंच गोरा बरं मट्ठि छुट्टी॥
करं कुट्ठि कम्मान बानं सनक्की। मनों लोर वासन्न आसन्न नक्की॥
छं०॥ २७३॥

धरं अद्ध अद्धं रनं धार धारं। करं धाम धामं मुषं मार मारं॥
गलं बध्य भिट्टं सनेही सनेहं। उभै सूर जुट्टं मनों एक देहं॥
छं० ॥ २७४ ॥
उनें स्रोन घुंध्यौ सु ऊने उनाही। भए दीन दूनं सु सज्जे सषाही॥
घटं एक को एक घुट्टै सु घुट्टै। नई गंठि मुंडा वली जोग छुट्टै॥
छं० ॥ २७५ ॥
इसो जुद्ध दीठौ न सुन्यौ कहांई। मिलै जैत षामंड सुरतान घाई॥
परै सहस दै षान भिरि चाहुआनं। बढी जैत पिष्षी सु वज्जै निसानं॥
छं० ॥ २७६ ॥

धीर के भाई और कविचन्द के पुत्र का मारा जाना।

दूहा॥ षेत परिग कविचंद सुत। परिग बंध धर धीर॥
गहिय मह षिलची परे। पसरत अट्ठ अमीर॥ छं० ॥ २७७ ॥
श्लोक॥ मानवानां च नागं च, कौरवानां न पांडवं।
गोरीयं जुद्ध हिंदूनां, न भूतो न भविष्यति॥
छं० ॥ २७८ ॥

संध्या होने पर दोनों सेनाओं का विश्राम लेना।

कवित्त॥ भइय संझ दुहु बेर। षेत दुहु दीन न ढुंढिय॥
लुथ्थि लुथ्थि आहुट्टि। हथ्थ चव पंचय चढ्ढिय॥
बरन मेछ्छ वर हिंदु। स्रोन सुभयं न सुभ्भरन॥
इन अभंग घट भंग। चित्त भग्गौ जु जुद्ध रन॥
पुंडीर सत्त रन सत्त किय। बरन बीर रंभा बरी॥
अष्टमी जुद्ध मंगलन कौ। घरौ अद्ध बिय सब टरिय॥
छं० ॥ २७९ ॥

दूसरे दिवस का प्रातःकाल होना और दोनों सेनाओं में युद्ध आरंभ होना।

दूहा॥ कायर चोर चकोर बर। निसि 'घट तें' ललचात॥
सूर चकुर अरु बाल बधु। ए वछे वर प्रात॥ छं० ॥ २८० ॥

कवित्त ॥ सूर आव वर सूर । चढ़िग सामंत तुल्य घन ॥
ससिय तार उड़गन सु । ग्ग्ग बीर नंचंत फिरइ गन ॥
हाहा हूहू गंध्रब्ब । रंभ आरंभ अरुन अष ॥
अति आतुर रन चित्त । जंम जम्मन कग्गह नष ॥
बर जोग लग्ग जोती तनं । सस्त्र वाथ बर डोलई ॥
बर पंच पंच लद्धै सुबर । मुगति बंध बर षोलई ॥
छं०॥ २८१ ॥

अरुन तरुन उंदयंन । फौज पच्छै सुलतानी ॥
मिलन सूर सामंत । रेन अद्धी सम्मानी ॥
तास तुंग ववरि हि । मांम नेजे उड़ि मंडिय ॥
रवि झिंगुर झंमुषिय । हींस हींसा रव छंडिय ॥
मंडिय प्रभात नारद सवद । दोऊ सेन सज्जत रहिय ॥
इक्क वार बीर वीरह तनौ । किल किलक्कि जोगिनि कहिय ॥
छं० ॥ २८२ ॥

युद्धवर्णन । राजपूत सेना का जोर पकड़ना और मुसल्मान सेना का मनहार होना ।

भुजंगी ॥ बजें लोह कोहं सुकोहं दु दीनं । लई नाग बीरंग ते श्रोन भीनं ॥
झनक्कंत सारं किनक्कंत ताजी । मनों नट्टिवी नट्टि नागिन्न बाजी ॥
छं० ॥ २८३ ॥

बुलै घाय अघ्घाय सा श्रोत बुंदं । उठै तार झंकार ज्यों तार दुंदं ॥
उठै धींग धक्कै गजं ढाल मालं । मनों पत्त डंडूर आषाढ़ कालं ॥
छं० ॥ २८४ ॥

चंपी सेन आलंम जुरि तीन जामं । भए फौज अट्टं चवं एक ठामं ॥
परे सहस सोरह उभै हिंदु षानं । गजं बाज हज्जार तीनं सुजानं ॥
छं० ॥ २८५ ॥

समं सोमबारं सु कारंति थानं । चले लष्य दोपाल हथ्थे हयानं ॥
फिरें एकठे लष्य फिरि चंद नंदं । परे बाल लाजी तिनें नौसकंदं ॥
छं० ॥ २८६ ॥

मथी सेन आलम्म की है हिलोरं। पँगी जानि पारिष्य दरिया हिलोरं॥
अमी अव्व सेना थकी हथ्थ बथ्थं। रहे षेत सूरं मुरे क्रूर तथ्थं॥
छं० ॥ २८७ ॥

मिले मभ्भ पुंडीर हिंदू तुरक्की। मुरै मुष्य नाही सुधारै मुरक्की॥
सजे सूर सन्नाह ते हिंदु मेछं। तिके जालियै बीर जोगिंद केछं॥
छं० ॥ २८८ ॥

कढे लोह हक्की सु बक्कीं हवाई। करी दीन दीनं दु दीनं दुहाई॥
लिए हथ्थ नेजा उनंके उनाही। रहे हल्लि नेजा न हल्लै हलाही॥
छं० ॥ २८९ ॥

सतं अड्ड अट्ठं कमट्ठं स उट्ठै। जिनें मोह माया रसं बंधि छुट्टै॥
भषै जंबुकं गिद्धि सीवंत हस्सै। फुटी सांग हथ्थं तिरच्छं सुलस्सै॥
छं० ॥ २९० ॥

कहै हक्क बाजी विराजी सु गाजी। घटं कंध तुट्टै किनं कै सु ताजी॥
उड़ी श्रोन छिंछी छबी लग्गि बिंदू। दहै द्राह अग्गौ मनो दार तिंदू॥
छं० ॥२९१ ॥

कढी तेग तेगं जु तेगं चमंकी। तहां तब्बरं तुंद सीरं दमंकी॥
तजे दीन दीनं दुहुं अंस भारी। मिले बंध बधं सु जोधं करारी॥
छं० ॥ २९२ ॥

ततथ्थे ततथ्थी करैं थंग थंगं। नरैं रंग भैरो बितालं उतंगं॥
कढे रुद्द रद्दी विरुद्धं विचारी। रुरै दंत दंती विकस्संत सारी॥
छं० ॥ २९३ ॥

बजे घाय आवरत सावरत रुक्कै। मनों चच्चरी डिंभरू तार चुक्के॥
नचें बंधं कंधं कबंधं सवानं। मनों ससि भेषं पक्षी चौज कानं॥
छं० ॥ २९४ ॥

सरं तंज दीसें परंतं न दीसं। मनों भूतमाया कुरी जोग ईसं॥
इकै सांग बाही इके तेग साजी। मनों नग्गनी जीह भुकि रत्तकाजी॥
छं० ॥ २९५ ॥

कढी एक सथ्थं उचं हथ्थ उंचं। झलक्कै सु षग्गं महातेज संचं॥
तिनकी उपम्मा कही चंद वक्कं। दिसी पच्छमीजानि उगयौ अरक्कं॥
छं० ॥ २९६ ॥

लई षीझि कम्मान सुरतान गोरी। फुटै पष्षरा अस्स भै विभ्भ जोरी॥
परे सब्ब षानं महामीरबानं। मनों प्रात तारै दिषै थान थानं॥
छं० ॥ २९७ ॥

महारुद्र बीरं भयानक्क दीसं। लगे जोगिनी रीस तादंत पीसं॥
[1]रसं साहि गोरी अदं बुद्ध कंदं। भयौ सूर प्रथिराज परभात चंदं॥
छं० ॥ २९८ ॥

धीर पुंडीर का धावा करना।

षुलें टोप लोल्लंत बोलंत सूरं। लिये चोर तोरं मरोरंत मूरं॥
पर्‍यौ धाइ पुंडीर तेजी पटाढ़ी। जिने बोल षुच्चै मुषं मुच्छ डाढी॥
छं ॥ २९९ ॥

इसौ चंद बच्चा विरच्च्यौ सु तामं। करी अट्ठ चव फौज एकं सुठामं॥
चंप्यौ जानि कें जम्म सुरतान सादे। कह्यौ षान जादे कुसादे कुसादे॥
छं० ॥ ३०० ॥

कह्यौ छंडि ताजी सु को बोल पीलं। बढ्यौ बाय बेगं मनो धूम झोलं॥
मिली चारि अंषी अनी दिट्ठ दीनौ। उनें हथ्थ ठिल्ल्यौ इनै सिंहलीनौ॥
छं० ॥ ३०१ ॥

दुहुं हथ्थं षुल्लै हलक्कै सु बथ्थै। कहै दूैव देवन्न जोगिन्न सथ्यं॥
महाचंद पुत्तं सबीरं लुहानं। कहै तेन बोलंत आवं सुहानं॥
छं० ॥ ३०२ ॥

झंडा माह बैरक्क दिट्ठी सुरानं। हंसै सब्ब सामंत पुंडीरं मानं॥
उनै उत्त मंड्यौ जु षंभं प्रमानं। लियौ सिंह ताजी सु हेमं समानं॥
छं० ३०३ ॥

उतें मंडली मेछ जोरी सु साजं। इतें हिंदू साजे प्राथीराज काजं॥
कहै सिंध सामंत सूरं लुहानं। परै अप्पनै काम कनवज्ज थानं॥
छं० ॥ ३०४ ॥

दियं च्यार देसं सु पुंडीर रायं। कह्यौ अप्प पतिसाह धीरं सुनायं॥
छं० ॥ ३०५ ॥

(१) ए. सर्स।

धीर की सहायता के लिये पिशाच मंडली सहित देवी का आना।

कवित्त ॥ चवदह सें बर बीरं। भए भर धीर सहाई ॥
जालंधर जगमात। जैत करिबें को आई ॥
भैरव भूत भयंक। भए तहां आनि सषाई ॥
ईस सीस कारनै। दई तहां आनि दिषाई ॥
सुचि चंद जेम न्रप चंद सुअ। घट घट प्रति प्रति ब्यंब हुअ ॥
सामंत सूर इम उच्चरै। बलि बलि बीर भुअंग भुअ ॥
छं० ॥ ३०६ ॥

महादेव का पारबती को गजमुक्ता देकर कहना कि वीर धीर को धन्य है।

दूहा ॥ ईस सीस लिय माल कजि। गौरा कजि गज मुत्ति ॥
पिया समंपति मुत्ति पिय। चिय प्रिय पुच्छत बत्त ॥ छं०॥३०७॥
सीस सदा सिवल्यावतें। मुत्ति लहै कहों आदि ॥
कोन धीर पहिरो असन। धीर बीर सु प्रसाद ॥ छं० ॥ ३०८ ॥

पारबती का धीर के विषय में पूछना।

पारबती कह्यौ कोन सुत। कहा पराक्रम कीन ॥
पाट पुंडीर सुचंद सुअ। ब्रह्म रूप परवीन ॥ छं० ॥ ३०९ ॥

धीर की बीरता का वर्णन।

कवित्त ॥ इसौ धीर बर वीर। जिसौ पारथ भारथ्थह ॥
इसौ धीर बर बीर। जिसौ पारथ सारथ्थह ॥
इसौ धीर बर बीर। जिसौ जोधा दुरजोधन ॥
इसौ धीर बर बीर। जिसौ हनमंत बलिय सन ॥
सुतचंद दंद दारुन दुअन। अग्निरूप चिन सत्तु जन ॥
मन मोह रोह माया रहित। अंगंद जिम अंग धीर तन ॥
छं० ॥ ३१० ॥

पारवती का प्रश्न कि क्षत्री जीवन का मोह क्यों नहीं करते।

दूहा ॥ जिहि जीवन कारन जगत । बंछै लोक विचार ॥
करै सुध्रम्म सुक्रम्म अति । किम तजि छत्रिय सार ॥
छं० ॥ ३११ ॥

शिव का बचन कि क्षत्रियों का यह कुल धर्म है।

गाथा ॥ तपस नष्ट अतोषौ । संतोषो नष्ट नरपति ।
लज्जा नष्टति गनिका । अनलज्जा नष्ट कुल जाया ॥
छं० ॥ ३१२ ॥

दूहा ॥ धरा सहित नंघै सु धर । सीस जाय घर जीय ॥
मरन सीस लीनै वहै । कुला क्रम पचीय ॥ छं० ॥ ३१३ ॥

जीवन मरन की व्याख्या।

कोन मरै जीयै कवन । कोन कहां बिरमाय ॥
प्रानी वपु तरु पंषिया । तरु तजि अन तरु जाय ॥ छं० ॥ ३१४ ॥
ज्यों औरन परधान तजि । नर जन धरत नवीन ॥
यों प्रानी तजि कायपुर । और धरे वपु भीन ॥ छं० ॥ ३१५ ॥
कबहूं जीव मरै नहीं । पंचतत्व मिलि भेद ॥
पंचौ पंचन में समें । जीव अछेद अभेद ॥ छं० ॥ ३१६ ॥

आत्मा की व्याख्या।

मोतीदाम ॥ अछेद अभेद अषेद अपार । अजीत अभीत अप्रीत अमार ॥
अमोल अभोल अतोल अमंग । अकंज अगंज अलुंज अभंग ॥
छं० ॥ ३१७ ॥
असेष अभेष अलेष अबीह । अरेप अमेष अदेष कबीह ॥
अमान अभान अजान अलिप्त । अचान अज्ञान अवान असिप्त ॥
छं० ॥ ३१८ ॥

संसार में कर्म मुख्य है कर्म से जन्म होता है ।

गाथा ॥ कर्मं वस्य नरं जीवं जं कर्मं क्रियतं सो प्राप्ति ॥
कर्मं सुभं च असुभं । कर्मं जीव प्रेरकं प्रानी ॥ छं० ॥ ३१९ ॥

स्लोक ॥ नमे न बध्यते कर्मं । कर्मेन बंध प्राप्तिकः ॥
यं कर्मं क्रियते प्रानी । सो प्रानी तत्र गच्छति ॥ छं० ॥ ३२० ॥

दूहा ॥ औसरि दुअ जुट्टे सुरन । भ्रत सोभत इन भंति ॥
अगर भंज जनु द्वै भिरै । मय मत्तें मय मंत ॥ छं० ॥ ३२१ ॥

शूर वीरों की वीरता और उनका तुमल युद्ध वर्णन ।

विराज ॥ मयमत्त भिरे, फिरि जुद्द घिरे । तरवारि तरैं, तकि घाव करैं ॥
छं० ॥ ३२२ ॥

जमदट्ठ जुरैं, तिय नीति मुरैं । पन सूर मुषं, न मुरंत नषं ॥
छं० ॥ ३२३ ॥

इस भ्रत्य इसें, जमरूप जिसें । नर मध्य नचैं, हरहार रचें ॥
छं० ॥ ३२४ ॥

धर उट्टि धरं, सजतें समरं । भभकै भभकं, रुधिकैं लभकं ॥
छं० ॥ ३२५ ॥

जुगिनी जितनी, किलकें तितनी । ततथे ततथे, नचि बीर नथे ॥
छं० ॥ ३२६ ॥

गुरगात भरं, कच उंच करं । तिन कढ्ढि तनं, बढि रंभ बनं ॥
छं० ॥ ३२७ ॥

दंत ऐंच दंती, कटि सूर कंत्ती । भिरि एम भरं, जनु सिंघ जुरं ॥
छं० ॥ ३२८ ॥

गाथा ॥ जुद्ध करंते जोधं । जै जै जंपि असुर ससुरानं ॥
कुट्टै इम किरवानं । लोहं लोहार कुट्टै घन एनं ॥ छं० ॥ ३२९ ॥

धीर की विलक्षण हस्तलाघवता ।

दंडक ॥ धीरक्कर धरिकै किरवानह । धाप धपै धपतौ वर वानह ॥
थाट विथाट करं दल ठेलत । घाट कुघाट किए घट षेलत ॥
छं० ॥ ३३० ॥

बाटनि बाट करी अति भीतर । लोटत लोटत ज्यों बन बिंतर ॥
बाढ़नि बोढ़ दिए तरवारनि । बालर बाढत भील पहारनि ॥
छं० ॥ ३३१ ॥

सीसन पीस किये सिरदारन । पी भज भाजन चीलषि जारन ॥
सेलन मेल सनंमुष मंडहि । झेल विझोल करा झर झंडहि ॥
छं० ॥ ३३२ ॥

ढेरत हथ्थ उधेरत पंजर । षंडत षग्ग षसे रत षंजर ॥
छं० ॥ ३३३ ॥

शहाबुद्दीन का घोड़ा छोड़ कर हाथी पर सवार होना ।

